<u>भारतीय मानक ब्यूरो</u>

तत्काल जारी करने हेतु

प्रेस नोट सं: पीआरडी/प्रेस नोट/14/2017-18 29 सितंबर 2017

<u>भारतीय मानक ब्यूरो में हिंदी पखवाडे का समापन समारोह</u>

भारतीय मानक ब्यूरो ने हाल ही में हिंदी पखवाडे का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ महानिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो श्रीमती सुरीना राजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पखवाड़े के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरित किए गए।

इस अवसर पर हर्ष प्रकट करते हुए हुए महानिदेशक महोदया ने सभी को बधाई दी और उन्होंने हिंदी के क्लिष्ट प्रयोग की जगह सरल प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज हिंदी भाषा पर विदेशों में भी शोध हो रहा है। साथ ही उन्होंने हिंदी प्रतियोगिताओं को रोचक बनाने पर बल दिया । महानिदेशक महोदया ने हिंदी के प्रसार के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लेने की भी सलाह दी।

भारतीय मानक ब्यूरो के अपर महानिदेशक श्री चंद्रभान सिंह ने अपने भाषण में कहा कि हिंदी में कार्य करना सहज और सरल है । उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो में हिंदी में बहुत कार्य हो रहा है। अंत में महानिदेशक महोदया द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

अलका
उपनिदेशक, जनसंपर्क
23234048

कार्यालय में बातें तो आप हिन्दी में करते है,
लिखना भी शुरू कीजिए, झिझक तोड़िए।
मानक पथप्रदर्शक
भारतीय मानक ब्यूरो
हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं
पुरस्कार वितरण समारोह